दिन–शनिवार दिनांक– 17/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और असम के कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। उन्होंने इसके साथ ही कई नई अमृत भारत ट्रेनों को भी रवाना करेंगे। नई अमृत भारत ट्रेनों में से पांच ट्रेनें बिहार से होकर चलेंगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इन ट्रेनों में हावड़ा से आनंद विहार, सियालदह से बनारस, अलीपुरद्वार से मुंबई के पनवेल, डिब्रूगढ़ से लखनऊ के गोमतीनगर और गुवाहाटी के कामाख्या से रोहतक ट्रेन शामिल हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चम्पारण जिले का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान श्री कुमार ने एक सौ बहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री सात निश्चय दो और तीन के तहत जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे।श्री कुमार लोगों के साथ जन संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद है।

———————————————————————

राज्य में एग्री स्टैक महाअभियान के तहत किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियान के तहत पचहत्तर लाख किसानों का निबंधन का लक्ष्य है, जिसे अगले पच्चीस दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि छह जनवररी से ग्यारह जनवरी तक पहले चरण के अभियान में बीस लाख से अधिक किसानों का

निबंधन किया गया है। इधर, दुसरे चरण में विभिन्न जिलों में कैंप लगाकर शेष किसानों का पंजीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा का प्रवाह कम होने से राज्य के अधिकांश भागों में ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान कें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के पश्चिमी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबेस ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

पटना के कदमकुआं इलाके में पिछले दिनों एक गर्ल्स हॉस्टल में एक छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। एसआईटी के प्रमुख और पटना के आईजी जितेंद्र राणा ने आज स्वय मामले की जांच के लिए घटना स्थल का दौरा किया।

———————————————————————————

अररिया जिला समाहरणालय में जिला पदाधिकारी विनोद दुहन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने जमीन संबंधित, समाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड से संबंधित विभिन्न शिकायतें रखीं।

———————————————————————————

बिहार चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शताब्दी वर्ष को लेकर पटना में दो दिवसीय राष्ट्रीय कर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर से आयकर और जीएसटी से जुड़े कर सलाहकार अधिवक्ता और विशेषज्ञ भाग ले रहें हैं।

———————————————————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने भूकंप, बाढ़, आगलगी जैसी आपदा के स्थिति से निपटने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ रवाना किया।

———————————————————————————————————

मधेपुरा के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत कार्यालय के पास हाइवा और कार की भीषण टक्कर में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————————————————

समाप्त